an>

Title: Regarding construction of houses damaged by floods in Chittor under Pradhan Mantri Awas Yojana.

श्री सुधीर गुप्ता (मंदसौर) : अध्यक्ष महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र के जावद विधान सभा की सीमा राजस्थान से लगी हुई है, चितौड़ में बाढ़ की विभीÂषिका आई, उसकी तरफ मैं माननीय मंत्री जी का ध्यान आकृÂष्ट कराना चाहता हूं। राज्य सरकार और स्थानीय प्रशासन इस विभीÂषिका से अपने स्तर पर निपट रहे हैं। जो बाढ़ग्रस्त क्षेत्र हैं, जहां लोग फंस गए हैं और लोगों को हेलीकॉप्टर के माध्यम से निकालने का प्रयास हुआ है, उन स्थानों पर सड़क परिवहन मंत्रालय द्वारा ऊचे स्तर के पुल का निर्माण किया जाए। आवास मंत्रालय गिरे हुए भवनों के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास मंत्रालय द्वारा विशेÂष मानक निर्धारित करते हुए उन्हें पुनः प्राथमिकता के आधार पर आवास देने का काम करें।

माननीय अध्यक्ष : श्री भैरों प्रसाद मिश्र को श्री सुधीर गुप्ता द्वारा उठाए गए विÂषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।